# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण

दमण, 16 जुलाई (SIT)। दीव विमानपत्तन पर आज आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। विमानपत्तन निदेशक शफिक उस्मान शाह की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विमानपत्तन निदेशक ने इस कार्यक्रम के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी को बताया कि चित्त एवं अंतर्मन कि शांति में प्रकृति का अहम योगदान है। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे उत्तम उपहार ये वृक्ष ही होंगे। निदेशक ने समस्त कर्मचारियों को अपने निज निवास पर वृक्षारोपण करने लिए भी प्रेरित किया।